144.'ट्राई' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की नियामक संस्था है?
(a) यातायात (b) पर्यटन
(c) दूरसंचार (d) तकनीकी शिक्षा

145.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
**कथन (A)** : जी.डी.पी. के प्रतिशत के रूप में भारत सरकार का राजकोषीय घाटा 2017-18 में बजट अनुमान की तुलना में अधिक था।
**कारण (R)** : वर्ष 2017-18 में परोक्ष करों की वसूली जी.एस.टी. लागू हो जाने के कारण सापेक्षतः कम थी।
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं, किन्तु (R) (A) की सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

146.'विशेष आंहरण अधिकार' (SDRs) उपलब्ध हैं :
(a) आई.बी.आर.डी./विश्व बैंक में।
(b) आई.एम.एफ. में।
(c) इन्टरनेशनल डेवलपमेन्ट एसोसिएशन में।
(d) ओ.ई.सी.डी. में।

147.1990 से भारत में मुद्रापूर्ति की उच्च संवृद्धि का मुख्य कारण रहा है :
(a) करारोपण। (b) विदेशी ऋण।
(c) आर.बी.आई. द्वारा सरकार को साख प्रदान करना।
(d) बजटीय व्यय।

148.भारत में कृषि वित्त के क्षेत्र में शीर्ष संस्था कौन-सी है?
(a) कॉरपोरेशन बैंक (b) सहकारी बैंक
(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (d) नाबार्ड

149.'प्लैन्ड इकॉनमी फार इंडिया' के लेखक हैं :
(a) सर एम. विश्वेश्वरय्या (b) डा. के.पी. माथुर
(c) के.एम. मुन्शी (d) सी.वी. रमन

150.भारत को अपने सकल राष्ट्रीय उत्पाद (GDP) का सबसे बड़ा भाग किस क्षेत्र से प्राप्त होता है?
(a) कृषि क्षेत्र (b) उद्योग क्षेत्र
(c) सेवा क्षेत्र (d) उपरोक्त में कोई नहीं।

# सॉल्वड पेपर, 2018
# विधि *(Law)*

1. पलविन्दर कौर बनाम पंजाब राज्य निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?
(a) मृत्युकालिक कथन
(b) संस्वीकृति
(c) निर्णयों की सुसंगति
(d) लेखा पुस्तकों की प्रविष्टियाँ

2. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन सी धाराएँ निश्चयात्मक साक्ष्य से संबंध रखती है?
(a) 41, 112 एवं 113 (b) 112
(c) 113 (d) 112 एवं 113

3. ''स्वयं से बात करने में भी संस्वीकृति हो सकती है, संस्वीकृति को किसी अन्य व्यक्ति को सूचित किया जाना आवश्यक नहीं है'', निम्न मामले में अभिनिर्धारित किया गया था—
(a) शंकरिया बनाम राजस्थान राज्य
(b) बूटा सिंह बनाम पंजाब राज्य
(c) साहू बनाम उ0प्र0 राज्य
(d) निशीकान्त झा बनाम बिहार राज्य

4. क का ख को इरादतन गोली मार कर हत्या के लिए विचारण किया जाता है। यह तथ्य कि क की हत्या करने के आशय से लोगों पर गोली चलाने की आदत थी—
(a) सुसंगत है।
(b) सुसंगत नहीं है।
(c) सुसंगत है किन्तु साबित नहीं किया जा सकता।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

5. एक विद्यार्थी को भी भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 45 के अन्तर्गत एक विशेषज्ञ माना जा सकता है। शीर्ष अदालत ने यह अभिनिर्धारित किया था—
(a) भोगिनभाई हीराभाई बनाम गुजरात राज्य में
(b) कानपुर विश्वविद्यालय बनाम समीर गुप्ता एवं अन्य में
(c) राम प्रकाश बनाम पंजाब राज्य में
(d) नाथू सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य में

6. रेस जेस्टे को एक अपवाद के रूप में मंजूर किया गया है—
(a) संस्वीकृति के (b) मृत्युकालिक कथन के
(c) अनुश्रुत साक्ष्य के (d) दस्तावेजी साक्ष्य के

7. संयुक्त राष्ट्र महासभा का पहला सत्र कब शुरु हुआ था?
(a) जनवरी 10, 1946 (b) जनवरी 10, 1945
(c) जनवरी 10, 1947 (d) जनवरी 10, 1948

8. निम्नलिखित में संयुक्त राष्ट्र संघ का कौन सा अंग वैधानिक कार्यों को सम्पादित करता है?
(a) न्यासधारिता परिषद
(b) सुरक्षा परिषद
(c) महासभा
(d) आर्थिक एवं सामाजिक परिषद

9. निम्नलिखित में से संयुक्त राष्ट्र चार्टर का कौन सा अनुच्छेद प्रावधानित करता है कि अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की संविधि अन्तर्राष्ट्रीय न्याय के स्थायी न्यायालय पर आधारित है?
(a) 90 (b) 91
(c) 92 (d) 102

10. संयुक्त राष्ट्र चार्टर के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत संयुक्त राष्ट्र के सदस्य सुरक्षा परिषद के निर्णयों से बाध्य है?
(a) अनुच्छेद 24 (b) अनुच्छेद 25
(c) अनुच्छेद 26 (d) अनुच्छेद 27

11. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय का बजट अनुमोदित किया जाता है—
(a) महासभा द्वारा
(b) महासभा तथा अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय द्वारा
(c) सुरक्षा परिषद द्वारा
(d) संयुक्त राष्ट्र के महासचिव द्वारा

12. आर्थिक और सामाजिक परिषद के सदस्य तीन सालों के लिए निर्वाचित किये जाते है। कितने सदस्य प्रत्येक वर्ष निर्वाचित किए जाते है?
(a) दो तिहाई (b) तीन चौथाई
(c) एक तिहाई (d) इनमें से कोई नहीं

13. निम्नलिखित में से किसमें उल्लिखित है कि ''हर एक को राष्ट्रीयता का अधिकार है''?
(a) जिनेवा अभिसमय, 1951
(b) युनाइटेड नेशन्स हाईकमिश्नर फार रिफ्यूजीज
(c) युरोपियन कौंसिल आन रिफ्यूजीज ऐंड इक्जाइल्स
(d) युनिवर्सल डिक्लेरेशन आफ ह्यूमन राइट्स

14. अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की संविधि के निम्नलिखित अनुच्छेद में अन्तर्राष्ट्रीय विधि के स्रोतों का उल्लेख किया गया है—
(a) अनुच्छेद 38 (b) अनुच्छेद 35
(c) अनुच्छेद 36 (d) अनुच्छेद 34

15. सुरक्षा परिषद के प्रत्येक सदस्य के होंगे—
(a) 4 प्रतिनिधि (b) 5 प्रतिनिधि
(c) 2 प्रतिनिधि (d) 1 प्रतिनिधि

16. ''हम विखंडित विश्व है, हमें शान्ति वाले विश्व की आवश्यकता है।'' यह किसका कथन है?
(a) कोफी अन्नान (b) बान की मून
(c) एन्टोनियों गुटेरेस (d) मिशेल बाचेलेट

17. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यू एन डी पी) के धारणीय विकास लक्ष्य कब प्रभावी हुए?
(a) मार्च, 2016 में (b) मई, 2015 में
(c) जनवरी, 2016 में (d) सितम्बर, 2017 में

18. जलवायु परिवर्तन की अग्रणी संस्था अन्तर्राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन पैनल की स्थापना किसने की है?
(a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम
(b) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
(c) अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन
(d) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री संगठन दोनों

19. निम्नलिखित में से कौन अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के निर्णयों को निष्पादित करता है?
(a) सैन्य स्टाफ समिति
(b) महासभा
(c) अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय स्वयं
(d) सुरक्षा परिषद

20. संयुक्त राष्ट्र संघ का आधार है—
(a) सम्प्रभु-समानता
(b) सभी लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति
(c) सभी लोगों की सांस्कृतिक, आर्थिक एवं सामाजिक उन्नति
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं

21. संयुक्त राष्ट्र के उद्देश्यों एवं सिद्धान्तों को प्रतिपादित किया गया है—
(a) संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2 एवं 3 में
(b) संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 1 एवं 2 में
(c) संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2 एवं 4 में
(d) संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 1 एवं 4 में

**22.** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2018 में आयोजित दीपोत्सव के समय प्रथम महिला मुख्य अतिथि कौन थी?

(a) किम जुंग सूक (b) सून

(c) आंग सान सू की (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

**23.** सूची-I से सूची-II को सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें—

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) प्रत्यासन का सिद्धान्त | 1. धारा 92 |
| (B) शाश्वतता के विरुद्ध नियम | 2. धारा 14 |
| (C) विबंधन द्वारा अनुदान | 3. धारा 43 |
| (D) संचयन का सिद्धान्त | 4. धारा 17 |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**24.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम निम्नलिखित की मान्यता नहीं देता हैः

(a) वास्तविक नोटिस

(b) विवक्षित नोटिस

(c) पूर्व संव्यवहार के अन्तर्गत नोटिस

(d) अभ्यारोपित नोटिस

**25.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अधीन अजात व्यक्ति अपने फायदे के लिए किए गए अन्तरण पर कब निहित हित अर्जित कर सकता है?

(a) जन्म होने पर

(b) वयस्कता आयु पूर्ण होने पर

(c) अपना विवाह कर लेने पर

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** निम्नलिखित में से कौन अचल सम्पत्ति नहीं है?

(a) तेंदू पत्ती एकत्र करने का अधिकार

(b) मछली पकड़ने का अधिकार

(c) आराधना करने का अधिकार

(d) सुखाचार का अधिकार

**27.** निम्न में से किस वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया है कि विभाजन सम्पत्ति का अन्तरण नहीं है?

(a) वी. एन. सरीन बनाम अजीत कुमार ए.आई.आर. 1986 एस.सी. 432

(b) रोकड़ चंद बनाम श्रीमती राजेश्वरी देवी ए.आई.आर. 2009 एन.ओ.सी. 3009

(c) अब्दुल जब्बार बनाम वेंकट शास्त्री ए.आई.आर. 1969 एस.सी. 1147

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत समेकन का सिद्धान्त समाहित किया गया है?

(a) धारा 60 (b) धारा 61

(c) धारा 62 (d) धारा 63

**29.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें—

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) प्रीमियम | 1. बंधक |
| (B) सार्वभौमिक अदाता | 2. दान |
| (C) मोचन | 3. पट्टा |
| (D) क्रेता | 4. विक्रय |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**30.** निम्नलिखित में से कौन पट्टे का आवश्यक तत्व नहीं है?

(a) पक्षकार (b) सम्पत्ति

(c) आंशिक अन्तरण (d) पूर्ण अन्तरण

**31.** सही कथन चुनिये :

(a) मर्षणजात आभोग सबसे सूक्ष्मतम हित है जिसे कोई व्यक्ति सम्भवतः किसी अचल सम्पत्ति में प्राप्त कर सकता है।

(b) मर्षणजात आभोग सामान्यतया पक्षकारों के मध्य करार से उत्पन्न हो सकता है।

(c) मर्षणजात आभोग का अन्तरण या वसीयत संभव है।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**32.** निम्नलिखित में से कौन अनुयोज्य दावा है?
(a) किसी पुस्तक का प्रतिलिप्यधिकार
(b) मुस्लिम महिला का अदत्त मेहर का दावा
(c) अपकृत्य विधि के अन्तर्गत नुकसानी प्राप्त करने का अधिकार
(d) मध्यवर्ती लाभ के लिए दावा

**33.** लिखित संविदा अथवा स्थानीय प्रथा के अभाव में कृषि पट्टे की अवधि के मामलों में पट्टे की स्थिति क्या समझी जाएगी?
(a) महीना से महीना (b) 11 माह की
(c) वर्षानुवर्षी (d) 12 वर्षों की

**34.** सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन सी धारा प्रतिस्थापित प्रतिभूति के सिद्धान्त को प्रावधानित करती है?
(a) 72 (b) 73
(c) 74 (d) 75

**35.** किस सम्पत्ति का अन्तरण नहीं हो सकता है?
(a) लोकपद का
(b) उत्तराधिकार की संभावना मात्र का
(c) पुनः प्रवेश के अधिकार मात्र का
(d) उपर्युक्त सभी का

**36.** चुनाव का सिद्धान्त सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अध्याय ........... के अन्तर्गत आता है—
(a) VII (b) II
(c) IV (d) V

**37.** आपराधिक विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 प्रवृत्त होता है—
(a) 11 अगस्त, 2018 से
(b) 21 अप्रैल, 2018 से
(c) 1 सितम्बर, 2018 से
(d) 1 जुलाई, 2018 से

**38.** आपराधिक दुर्विनियोग के मामले में पश्चातवर्ती आशय होना चाहिए—
(a) कपटपूर्ण (b) बेईमान
(c) निर्दोष (d) अवैध

**39.** भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 34 के अन्तर्गत यथाविचारित 'संयुक्त दायित्व का सिद्धान्त' निम्नलिखित के निर्णय पर आधारित है—
(a) बारेन्द्र कुमार घोष बनाम इम्परर
(b) मल्काही बनाम आर
(c) पांडुरंग बनाम हैदराबाद राज्य
(d) रेग बनाम क्रूज

**40.** निम्नलिखित में से कौन युग्म सही सुमेलित है?
1. संश्रय–धारा 51-क, भा.दं.सं.
2. सदोष हानि–धारा 23, भा.दं.सं.
3. बारह वर्ष से कम आयु की महिला के साथ सामूहिक बलात्संग–धारा 376-घ ख, भा.दं.सं.
4. सामूहिक बलात्संग–धारा 376-घ, भा.द.सं.
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :
(a) 1, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

**41.** निम्न में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ धारा 498-क, भा.दं.सं.
(b) के.एन. मेहरा बनाम स्टेट आफ राजस्थान धारा 378, भा.दं.सं.
(c) निहारेन्दु दत्त मजूमदार बनाम इम्परर धारा 124-क, भा.दं.सं.
(d) स्टेट आफ हरियाणा बनाम राजाराम धारा 361, भा.दं.सं.

**42.** निम्नलिखित वादों पर विचार कीजिए और उन्हें तैथिक क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
1. डब्ल्यू. कल्याणी बनाम राज्य द्वारा इंस्पेक्टर आफ पुलिस
2. यूसुफ अब्दुल अजीज बनाम स्टेट आफ बाम्बे
3. जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ
4. वी. रेवती बनाम भारत संघ
नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिएः

**कूटः**
(a) 4, 1, 2, 3 (b) 2, 4, 1, 3
(c) 1, 3, 4, 2 (d) 3, 2, 1, 4

**43.** निम्न में से किस वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की है कि 'पति अपनी पत्नी का स्वामी नहीं है'?
(a) जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ
(b) सरला मुद्गल, प्रेसीडेंट, कल्याणी बनाम भारत संघ
(c) लिली थामस बनाम भारत संघ
(d) कैलाश सिंह बनाम प्रीती प्रतिहार

**44.** 'क' हत्या करने के आशय से, विष की एक प्राणान्तक खुराक 'य' को देता है और तब जब कि 'य' जीवित था, एक अजनबी 'ख' ने 'क' के ज्ञान के बिना 'य' पर हमला किया और उसको गोली से मार डाला।
(a) 'क' और 'ख' दोनों हत्या के दोषी होंगे।
(b) 'क' आपराधिक मानववध, का दोषी होगा और 'ख' हत्या का दोषी होगा।
(c) 'क' हत्या के प्रयत्न का दोषी होगा और 'ख' हत्या का दोषी होगा।
(d) 'क' हत्या करने के लिए उकसाने का दोषी होगा और 'ख' हत्या का दोषी होगा।

**45.** 'अ' एक पुलिस अधिकारी 'ज' को यह संस्वीकृति करने के लिए कि उसने अपराध किया है, उत्प्रेरित करने के लिए यातना देता है। 'अ' किस धारा के अन्तर्गत अपराध का दोषी है?
(a) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 325
(b) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 326
(c) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 330
(d) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 331

**46.** 'अ' को 'ब' ने एक विषय-सूची प्रिन्ट करने के लिए कुछ ब्लाक दिये थे उसने एक प्रतिस्पर्धी फर्म की विषय-सूची उन्हीं ब्लाक से छाप दिये। 'अ' उत्तर दायी है—
(a) आपराधिक–न्यासभंग का
(b) आपराधिक दुर्विनियोग का
(c) छल का
(d) चोरी का

**47.** बलात्कार की पीड़िता की पहचान का प्रकटीकरण दण्डनीय हैः
(a) धारा 376-घ, भा.दं.सं.
(b) धारा 376-इ, भा.दं.सं.
(c) धारा 228, भा.दं.सं.
(d) धारा 228-क, भा.दं.सं.

**48.** सम्पत्ति की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार उपलब्ध नहीं हैः
(a) आपराधिक न्यासभंग के अपराध के प्रति
(b) चोरी के अपराध के प्रति
(c) लूट के अपराध के प्रति
(d) आपराधिक अविचार के अपराध के प्रति

**49.** सूची-I से सूची-II को सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिएः

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) सम्पत्ति का परिदान | 1. आपराधिक न्यासभंग |
| (B) सम्पत्ति का लेना | 2. सम्पत्ति का आपराधिक दुर्विनियोग |
| (C) सम्पत्ति का न्यस्त होना | 3. चोरी |
| (D) निर्दोष तरीके से प्राप्त सम्पत्ति को संपरिवर्तित | 4. उद्दापन करके अपने स्वयं के प्रयोग में लाना |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**50.** दृश्यरतिकता भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में परिभाषित है?
(a) धारा 354-क (b) धारा 354-ख
(c) धारा 354-ग (d) धारा 355

**51.** किस मामले में भारतीय उच्चतम न्यायालय ने एकमत से विचार व्यक्त किया कि व्यक्तिगत स्वायत्तता और आत्मीयता और पहचान को मूल अधिकारों के अन्तर्गत संरक्षित किया गया है?
(a) नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ
(b) सुरेश कुमार कौशल बनाम नाज फाउन्डेशन
(c) कैसल रॉक बनाम गोंजेल्स
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**52.** वर्ष 2018 में वैश्विक भूख सूचकांक में भारत का क्या स्थान है?
(a) 103वां (b) 118वां
(c) 92वां (d) 75वां

**53.** अभी हाल में कौन पाँचवा भारतीय आई सी सी हाल आफ फेम में प्रविष्ट हुआ है?
(a) अनिल कुम्बले (b) सुनील गावस्कर
(c) राहुल द्रविड़ (d) कपिल देव

**54.** बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के ''शान्तिपूर्ण, समृद्ध एवं सतत् विकास की ओर अग्रसर'' विषय पर चौथी बिम्सटेक सम्मिट कहां आयोजित की गई थी?
(a) काठमांडू, नेपाल (b) थाइलैंड
(c) भारत (d) म्यांमार

**55.** 5 नवम्बर, 2018 को भारत तथा दक्षिण कोरिया के बीच एम ओ यू पर हस्ताक्षर करने का क्या उद्देश्य है?
(a) पर्यटन के क्षेत्र में सहयोग को सशक्त करने के लिए
(b) विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग को सशक्त करने के लिए
(c) (a) तथा (b) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** वर्ष 2018 में किस भारतीय अभिनेता को बोस्टन में प्रतिष्ठित फेलो पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
(a) आमिर खाँ (b) अनिल कपूर
(c) अनुपम खेर (d) नसीरुद्दीन शाह

**57.** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, नवम्बर 2017 हुआ था—
(a) पोलैंड में (b) मराकश में
(c) पेरिस में (d) बॉन में

**58.** निम्न में से किस देश ने प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय सौर संधि की 11 मार्च, 2018 को मेजबानी की?
(a) भूटान (b) चीन
(c) भारत (d) पाकिस्तान

**59.** 2018 आस्ट्रेलियाई खुली महिला एकल खिताब किसने जीता?
(a) कैरोलीन वाज्नियाकी (b) सेरेना विलियम्स
(c) सिमोना हालेप (d) इलिना स्विटोलीना

**60.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की निम्नलिखित कौन सी धारा 'अधिकारिता' को परिभाषित करती है?
(a) धारा 2(9) (b) धारा 9
(c) धारा 15 (d) परिभाषित नहीं

**61.** **कथन (A) :** सिविल न्यायालय को सिविल प्रकृति के सभी वादों के विचारण की अधिकारिता होती है।
**कारण (R) :** सिविल वाद का संज्ञान अभिव्यक्त रूप से वर्जित होना चाहिए।
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिएः
**कूटः**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सत्य है, लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, लेकिन (R) सत्य है।

**62.** सूत्र ''इन्वाइटो बेनिफिसियम नान डाटूर'' (विधि किसी व्यक्ति को कोई अधिकार या फायदा उसकी इच्छा के विरुद्ध प्रदान नहीं करती है) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के किस प्रावधान से संबंध रखता है?
(a) धारा 26 (b) आदेश 6, नियम 1
(c) धारा 148-क (d) आदेश 23, नियम 1

**63.** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) वाद का उपस्थापन–धारा 26; आदेश 4, नि. 1
(b) अन्तराभिवाची वाद–धारा 88; आदेश 35, नियम 1
(c) मैत्री पूर्ण वाद–धारा 90; आदेश 35
(d) साम्यिक मुजराई–आदेश 20, नियम 19 (3)

**64.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सहीं है/हैं?
1. ''डिक्री'' पद के अन्तर्गत अंतिम आदेश सम्मिलित है।
2. गारनिशी वह व्यक्ति है जो डिक्रीदार को ऋण क भुगतान करने या उसे चल सम्पत्ति का परिदान करने के दायित्व के अधीन होता है।
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही कथन चुनिए :
**कूटः** (a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और नहीं 2

**65.** सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की कौन सी धारा स्पष्टतया उत्प्रेषण रिट जारी करने की शक्ति के प्रकृति की है?
(a) धारा 11 (b) धारा 105
(c) धारा 115 (d) धारा 122

**66.** अभिवचन का एक आधारभूत सिद्धान्त है कि अभिवचन में तात्विक तथ्यों और मात्र तात्विक तथ्यों, का ही समावेश होना चाहिए। निम्न में से कौन सा वाद 'तात्विक तथ्य' को परिभाषित करता है?
(a) उधव सिंह बनाम माधव राव सिन्धिया
(b) ए.आर. अन्तुले बनाम आर.एस. नायक
(c) स्टेट आफ हरियाणा बनाम स्टेट आफ पंजाब
(d) स्टेट आफ उत्तर प्रदेश बनाम नवाब हुसैन

**67.** निम्नलिखित में से कौन सा समुच्चय सही सुमेलित है?
1. निर्णय और डिक्री–धारा 34, सि.प्र.सं.
2. खर्चे–धारा 35, सि.प्र.सं.
3. वादों का संस्थित किया जाना–धारा 26, सि.प्र.सं.
4. विधि के प्रतिनिधि–धारा 50, सि.प्र.सं.

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए :

**कूट :**

(a) 2, 3 और 4 (b) 1, 2 और 3

(c) 1, 3 और 4 (d) 1, 2 और 4

68. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिएः

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) अधिकारिता के आक्षेप | 1. रजिया बेगम बनाम बारे में साहबजादी अनवर बेगम |
| (B) पक्षकारों का जोड़ा जाना | 2. किरण सिंह बनाम चमन पासवान |
| (C) आन्वयिक पूर्व-न्याय | 3. अमेरिकन साइनामाइड कं. बनाम इथिकान लि. |
| (D) अस्थायी व्यादेश | 4. वर्कमेन बनाम बोर्ड आफ ट्रस्टीज, कोचिन पोर्ट ट्रस्ट |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

69. सांविधिक लिखत की संवैधानिकता को चुनौती देने से संबंधित प्रावधान हैं

(a) आदेश 27 क, नियम 1-क सि.प्र.सं. के अन्तर्गत

(b) आदेश 34, नियम 1 सि.प्र.सं. के अन्तर्गत

(c) आदेश 32 क, नियम 3 सि.प्र.सं. के अन्तर्गत

(d) आदेश 37, नियम 2 सि.प्र.सं.

70. निम्नलिखित लोक अधिकारी नहीं है—

(a) हर न्यायाधीश।

(b) अखिल भारतीय सेवा का हर सदस्य।

(c) हर अधिकारी जो सरकार से वेतन प्राप्त करता है

(d) मिलिटरी का राजपत्रित अधिकारी किन्तु सरकारी सेवा में नहीं है।

71. सूची-I से सूची-II को सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें—

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) कैवियट दाखिल करने का अधिकार | 1. धारा 144 |
| (B) प्रत्यास्थापन | 2. धारा 148-क |
| (C) न्यायालय की अन्तर्निहित शक्तियाँ | 3. धारा 151 |
| (D) दीवानी प्रकृति के वाद | 4. धारा 9 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

72. निम्न मामलों में दीवानी न्यायालय कमीशन जारी नहीं कर सकता है?

(a) किसी व्यक्ति की परीक्षा के लिए

(b) लेखाओं का परीक्षण करने के लिए

(c) विभाजन का निष्पादन करने के लिए

(d) डिक्री के निष्पादन के लिए

73. सिविल प्रक्रिया संहिता की कौन सी धारा धन की डिक्री के निष्पादन में स्त्रियों की गिरफ्तारी या निरोध का निषेध करती है?

(a) धारा 55 (b) धारा 56

(c) धारा 59 (d) धारा 60

74. निम्नलिखित में से किस वाद में यह अभिनिर्धारित किया गया है कि "अन्तर्निहित शक्ति न्यायालय को प्रदत्त नहीं किया गया है, यह शक्ति न्यायालय में अन्तर्निहित है?

(a) रजनी बाई बनाम कमला देवी

(b) सत्यब्रत बिश्वास बनाम कल्याण कुमार किस्कू

(c) पी.सी. जयरथ बनाम अमृत जयरथ

(d) मनोहर लाल बनाम सेठ हीरालाल

75. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत निम्न किस आधार पर निर्णीत ऋणी के विरुद्ध गिरफ्तारी का वारंट न्यायालय द्वारा रद्द किया जा सकता है?

(a) गम्भीर बीमारी पर

(b) पुत्र के विवाह में उपस्थिति

(c) आम चुनाव में मतदान करने के लिए

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 114 को किसके साथ पढ़ा जाना चाहिए :
(a) आदेश 46, नियम 1
(b) आदेश 47, नियम 1
(c) आदेश 47, नियम 3
(d) आदेश 41

**77.** **कथन (A) :** करार जिसका उद्देश्य विधि विरुद्ध होता है, शून्य है।
**कारण (R) :** वैध संविदा अपेक्षा करती है कि पक्षकारों को विधिपूर्ण उद्देश्य के लिए संविदा करनी चाहिए।
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिएः

**कूटः**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सही है।

**78.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिएः

| **सूची-I** (अन्तर्वस्तु) | **सूची-II** (संकल्पना) |
|---|---|
| (A) दूसरे की इच्छा पर अधिशासन करता है | 1. प्रतिफल |
| (B) वचनदाता की वांछा पर | 2. कल्प-संविदा |
| (C) किसी बात को करने या न करने की संविदा | 3. असम्यक् असर |
| (D) जहां कि कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई बात विधिपूर्वक करता है | 4. समाश्रित संविदा |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**79.** वह करार, जो उसके पक्षकारों में से एक या अधिक के विकल्प पर तो विधि द्वारा प्रवर्तनीय हो, किन्तु अन्य पक्षकार या पक्षकारों के विकल्प पर नहीं—
(a) शून्य संविदा है
(b) अवैध संविदा है
(c) शून्य करणीय संविदा है
(d) अप्रवर्तनीय करार है

**80.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही हैं? प्रतिग्रहण की संसूचना प्रतिगृहीता के विरुद्ध तब संपूर्ण हो जाती है—
(a) जब वह प्रतिगृहीता के ज्ञान में आ जाती है।
(b) जब वह प्रस्थापक के ज्ञान में आ जाती है।
(c) जब वह प्रतिगृहीता और प्रस्थापक दोनों के ज्ञान में आ जाती है।
(d) जब वह तीसरे पक्षकार के ज्ञान में आ जाती है।

**81.** वचनात्मक विबंध पर निम्न एक वाद है—
(a) केदार नाथ बनाम गोरी मोहम्मद
(b) दिल्ली क्लाथ एंड जनरल मिल्स लि. बनाम भारत संघ
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) प्रपीड़न–चिक्कम अमीराजू बनाम चिक्कम सेशम्मा
(b) परिनिर्धारित नुकसानी–डनलप न्यूमैटिक टायर कं. बनाम न्यू गैराज एण्ड मोटर कं.
(c) पालन की असम्भवता–अलोपी प्रसाद एंड संस बनाम भारत संघ
(d) लोकनीति–हैडले बनाम बैक्सेनडेल

**83.** 'कपट' और 'दुर्व्यपदेशन' के सम्बन्ध में कौन सा कथन सही है/हैं?
1. दोनों संविदा को शून्यकरणीय बनाते हैं
2. कपट दुष्कृति में नुकसानी के लिए वाद हेतुक प्रस्तुत करता है
3. साधारण दुर्व्यपदेशन एक दुष्कृति भी है
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिएः

**कूट :**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**84.** 'क' उस अभियोजन को, जो उसने लूट के बारे में 'ख' के विरुद्ध संस्थित किया है, छोड़ देने का 'ख' को वचन देता है, और 'ख' ली गई चीजों का मूल्य लौटा देने का वचन देता है।

(a) करार शून्य है, क्योंकि उसके लिए प्रतिफल विधि विरुद्ध है।
(b) करार शून्य है, क्योंकि ली गई चीजों का मूल्य अनिश्चित है।
(c) करार शून्य है, क्योंकि उसका उद्देश्य विधि विरुद्ध है।
(d) करार शून्य है, क्योंकि उसका उद्देश्य अवैध है।

**85.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए—
1. किसी विधिक कर्त्तव्य का पालन करना वचन के लिए प्रतिफल नहीं है।
2. वाद लाने से प्रविरत रहना सदैव ही पर्याप्त प्रतिफल माना गया है।
3. प्रतिफल का वचन के अनुरूप पर्याप्त होना आवश्यक नहीं है।

उपर्युक्त में से कौन सा कथन सही है?
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) 1 और 2

**86.** भारतीय संविदा (संशोधन) अधिनियम, 1997 ने संशोधित किया हैः
(a) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 26 को
(b) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 27 को
(c) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 28 को
(d) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 75 को

**87.** संविदा में दायित्व की प्रकृति में परिवर्तन को कहा जाता है
(a) विखण्डन (b) नवीयन
(c) पुनर्नवीयन (d) परिवर्तन

**88.** भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 68 के अन्तर्गत अवयस्क—
(a) स्वयं उत्तरदायी है।
(b) केवल अवयस्क की सम्पत्ति उत्तरदायी है।
(c) अवयस्क स्वयं तथा उसकी सम्पत्ति दोनों उत्तरदायी हैं।
(d) उपर्युक्त में कोई सही नहीं है।

**89.** 'चलत प्रत्याभूति' परिभाषित है—
(a) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 124 के अन्तर्गत
(b) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 129 के अन्तर्गत
(c) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 146 के अन्तर्गत
(d) भारतीय संविदा अधिनियम की धारा 148 के अन्तर्गत

**90.** सूची-I से सूची-II को सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करेंः

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) विफलता का सिद्धान्त | 1. टेलर बनाम काल्डवेल |
| (B) विशेष क्षतिपूर्ति | 2. होचेस्टर बनाम डि ला टूर |
| (C) पूर्वकालिक संविदा-भंग | 3. टिन्न बनाम हाफमैन एंड कं. |
| (D) क्रास प्रस्ताव | 4. हैडले बनाम बैक्सेनडेल |

**कूटः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**91.** पंद्यम करार हैः
(a) शून्य करणीय (b) विधि विरुद्ध
(c) शून्य (d) शून्य एवं विधि विरुद्ध

**92.** भारतीय संविदा अधिनियम ने संदायों के विनियोग से संबंधित क्लेटन के वाद का नियम निम्न में से किस धारा में अंगीभूत किया है?
(a) धारा 62 (b) धारा 59
(c) धारा 58 (d) धारा 61

**93.** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दे सकता है—
(a) आजीवन कारावास के अतिरिक्त कोई भी दण्ड
(b) तीन वर्ष से कम का कारावास
(c) सात वर्ष की अवधि तक का कारावास
(d) दस वर्ष से अनधिक अवधि का कारावास

**94.** निम्नलिखित में कौन सही सुमेलित नहीं है?
(a) परिवाद–धारा 2 (घ), दं.प्र.सं.
(b) पुलिस रिपोर्ट–धारा 2 (द), दं.प्र.सं.
(c) निर्णय की अन्तर्वस्तु–धारा 354, दं.प्र.सं.
(d) पीड़ित प्रतिकर स्कीम–धारा 357, दं.प्र.सं.

**95.** एक दाण्डिक कार्यवाही जो शमनीय नहीं है, अभिखंडित की जा सकती है—
(a) प्रथम वर्ग न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा
(b) जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा
(c) उच्च न्यायालय द्वारा
(d) सर्वोच्च न्यायालय द्वारा

**96. कथन (A) :** जहां अभियुक्त व्यक्ति ने दोषी होने का अभिवचन किया है और ऐसे अभिवचन पर दोष सिद्ध किया गया है, वहां कोई अपील नहीं होगी।

**कारण (R) :** कोई व्यक्ति जो जानबूझकर दोषी होने का अभिवचन करता है, दोष सिद्ध किए जाने पर व्यथित नहीं हो सकता है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिएः

**कूटः**
(a) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सत्य है, किन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, किन्तु (R) सत्य है।

**97.** ''आरोप'' के संदर्भ में, कौन सा कथन सही है/हैं?
1. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 के अधीन प्रत्येक आरोप में उस अपराध का कथन होता है जिसका अभियुक्त पर आरोप हो सकता है।
2. यदि एक ही संव्यवहार के क्रम में, एक से अधिक अपराध एक ही व्यक्ति द्वारा किए गए हैं तो ऐसे प्रत्येक अपराध के लिए एक ही विचारण में उस पर आरोप लगाया जा सकता है।

नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिएः

**कूट :**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) दोनों 1 और 2 (d) न तो 1 और न 2

**98.** किसी चालू रहने वाले अपराध की दशा में, नया परिसीमा काल प्रारम्भ होता है—
(a) अपराध की तारीख से।
(b) जिस दिन प्रथम बार ऐसे अपराध की जानकारी किसी पुलिस अधिकारी को होती है।
(c) जिस दिन प्रथम बार अपराधी की पहचान का पता अपराध द्वारा व्यथित व्यक्ति को होता है।
(d) उस समय के प्रत्येक क्षण से जिसके दौरान अपराध चालू रहता है।

**99.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिएः

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) अग्रिम जमानत | 1. धारा 272, दं.प्र.सं. |
| (B) परिवाद पर संज्ञान | 2. धारा 110, दं.प्र.सं. |
| (C) न्यायालयों की भाषा | 3. धारा 438, दं.प्र.सं. |
| (D) आभ्यासिक अपराधियों से सदाचार के लिए प्रतिभूति | 4. धारा 190, दं.प्र.सं. |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (b) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 3 | 4 | 1 | 2 |

**100.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्नलिखित कौन सी धारा आपराधिक विधि (संशोधन) अधिनियम, 2018 द्वारा संशोधित की गई है?
(a) धारा 163 (b) धारा 173
(c) धारा 183 (d) धारा 193

**101.** सूत्र ''किसी भी व्यक्ति को एक ही हेतुक के लिए दो बार तंग नहीं किया जाना चाहिए'', दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की निम्नलिखित किस धारा में स्थान प्राप्त करता है?
(a) धारा 299 (b) धारा 300
(c) धारा 301 (d) उपर्युक्त में कोई नहीं

**102.** जब कि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376-घ के अधीन पारित दण्डादेश के विरुद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 374 के अन्तर्गत अपील दाखिल की गई है तो, तो अपील का निपटारा होगा—